छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

हितवाद परिसर, अवंति विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)

GST No. 22AACCC1772C1ZB

निविदा – दस्तावेज

★

स्टेशनरी लेखन सामग्री

निविदा दिनांक .....

वर्ष 2017–18

निविदा प्रपत्र कमांक.....

दस्तावेज विक्रेता के हस्ताक्षर/सील

मूल्य 590/– रूपये (कर सहित)

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

हितवाद परिसर, अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय–रायपुर

परिशिष्ट – अ

स्टेशनरी, लेखन सामग्री निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड के लिये वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए निम्नानुसार स्टेशनरी लेखन सामग्री की आवश्यकता है । जिसके क्रय के लिए यह निविदा आमंत्रित की जाती है –

क्र.	विवरण	अनुमानित मात्रा	क्र.	विवरण	अनुमानित मात्रा
1	ए–4 ग्रीन	600 रीम	24	लिफाफा (क्लाथ एफ एस)	200 नग
2	फाईल कव्हर (साधारण)	600 नग	25	टायपिंग कार्बन (100 पन्ना)	5 पै.
3	फाईल कव्हर (स्प्रिंग)	1000 नग	26	लिफाफा क्लाथ ए–4	500 नग
4	इन्डेक्स फाईल/बाक्स फाईल	60 नग	27	स्केच पेन (10 नग का पैकेट)	10 पै.
5	पेड (फाईल) कारनर वाला	1200 नग	28	पेंसिल	100 नग
6	स्टीक फोल्डर–ए–4	250 नग	29	पंचींग मशीन	20 नग
7	फोर फोल्डर	60 नग	30	पिन कुशन	20 नग
8	फैक्स रोल	50 नग	31	पेपर वेट (ग्लास)	30 नग
9	कम्प्यूटर सी.डी.	200 नग	32	पोकर	25 नग
10	डाटमेट्रिक प्रिंटर रिबन	10 नग	33	इंक पेड	25 नग
11	आवक रजिस्टर 400 पेज	30 नग	34	पेड इंक 50 एम.एल.	25 नग
12	जावक रजिस्टर 400 पेज	30 नग	35	टी पिन	50 नग
13	400 पेज रजिस्टर	50 नग	36	टेग (गुच्छा 50 वाला)	50 नग
14	200 पेज रजिस्टर	50 नग	37	लेस (गुच्छा 50 वाला)	30 नग
15	100 पेज रजिस्टर	10 नग	38	गोंद (300 एम.एल.)	20 नग
16	उपस्थिति रजिस्टर 200 पेज	20 नग	39	गम स्टीक(मीडियम साईज)	100 नग
17	लाग बुक 300 पेज	15 नग	40	स्केल (स्टील) 1 फीट	36 नग
18	शार्टहैण्ड नोट बुक	70 नग	41	डस्टबीन (प्लास्टिक) छोटा	25 नग
19	डाक बुक (प्युन बुक) 400 पेज	10 नग	42	केलकुलेटर (12 डिजिट)	15 नग
20	नोटपेड (50 पन्ना)	200 नग	43	फेवीक्विक (मीडियम साईज)	100 नग
21	बांड पेपर (लेटरपेड का)	10 नग	44	सेलो टेप (1 इंच)	50 नग
22	लिफाफा 11X 4 सफेद	5000 नग	45	फ्लेग (पॉच कलर)	300 नग
23	लिफाफा 9X 4 सफेद	5000 नग	46	एल टाईप फोल्डर	300 नग

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील

47	इराजेक्स फ्लूड (पेन)	100 नग
48	स्टेप्लर मशीन छोटा (10 नं.)	50 नग
49	स्टेप्लर मशीन बड़ा (24 नं.)	50 नग
50	स्टेप्लर छोटा पिन (10 नं.)	100 नग
51	स्टेप्लर पिन बड़ा (24 नं.)	100 नग
52	यू पिन (स्टील)	50 नग
53	हाईलाईटर	70 नग
54	कम्प्यूटर फाईल 15X12 इंच	05 नग
55	रबर ईरेजर	30 नग
56	सॉपनर	100 नग
57	रबर बैण्ड	200 ग्राम
58	रूम फ्रेशनर	20 नग
59	लेजर फाईल 10X12 इंच	20 नग
60	सेलो टेप 2 इंच	20 नग
61	मार्कर पेन	30 नग

टीप :–

1. प्रदाय मात्रा के लिए दरें **परिशिष्ट – "द" मे** प्रस्तुत करेंगे ।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर.....
नाम .....
दिनांक .....

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील

छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड

हितवाद परिसर, अवंति विहार, तेलीबांधा, मुख्यालय–रायपुर

परिशिष्ट – ब

निविदाकर्ता हेतु, नियम, शर्तें, सूचना एवं मार्गदर्शन

1. केवल रजिस्टर्ड फर्म ही निविदा प्रेषित करें, अर्थात वेट टैक्स पंजीयन अनिवार्य है एवं टिन नंबर पंजीयन की एक कॉपी अनिवार्यतः संलग्न करें, जिसे आवश्यकता पड़ने पर विक्रय कर कार्यालय से प्रमाणित कराया जा सकता है ।

2. निविदा फार्म के साथ स्टेशनरी, लेखन सामग्री हेतु, अमानत राशि के रूप में **रूपये 10,000.00** (रूपये दस हजार मात्र) का डी.डी. राष्ट्रीयकृत बैंक से, जो "छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड" के पक्ष में रायपुर पर देय हो, संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा निविदा फार्म पर विचार नहीं किया जायेगा ।

3. वांछित सामग्री निगम के भंडारण स्थल तक पहुंचाकर आपूर्ति किया जाना होगा ।

4. स्वीकृत निविदादाता को आदेशित तिथि से 07 दिवस के अंदर सामग्री अनिवार्यतः निगम को आपूर्ति करनी होगी अन्यथा विलम्ब के लिए देयक राशि का 2% पेनाल्टी वसूल की जावेगी। विलंबित अवधि अधिकतम 15 दिवस मान्य होगी । इसमें पूर्व 07 दिवस सम्मिलित रहेगा ।

5. निविदा के समय निर्धारित किये गये गुणवत्ता (क्वालिटी)के अनुसार ही सामाग्री आपूर्ति करनी होगी। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर 2से 5% राशि देयक से कटौती की जावेगी ।

6. आपूर्ति की गई सामाग्री के निर्धारित क्वालिटी नहीं होने पर बिल का भुगतान नहीं करते हुये, सामग्री वापस कर दी जावेगी, सामग्री वापसी में हुई क्षति राशि आपूर्तिकर्ता को ही वहन करना होगा। जिन दरों पर निविदा स्वीकृत हुई है उन्हीं दरों पर निर्धारित समयावधि अंतर्गत सामग्री आपूर्ति नहीं करने की दशा में संपूर्ण अमानत/जमानत राशि निगम के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी, तथा निविदाकर्ता को काली सूची में डालते हुये, आगामी दो वर्षो तक निगम की निविदा में भाग लेने से वंचित किया जावेगा ।

7. अनुबंधित निविदादाता द्वारा कार्य नहीं करने की दशा में कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत न्यूनतम दर पर ही निविदा में भाग लिये वैध L2, L3 दरदाता से कार्य कराया जा सकता है ।

8. निविदा, कमेटी के सदस्यों के समक्ष खोली जावेगी, निविदादाता यदि चाहे तो स्वयं के व्यय पर उपस्थित हो सकते हैं ।

9. विभाग द्वारा प्रदत्त निविदा फार्म के साथ संलग्न परिशिष्ट "अ" में स्टेशनरी लेखन सामग्री की आवश्यकता अनुसार निविदा फार्म के साथ परिशिष्ट "द" पर दर प्रस्तुत करना होगा, निविदा फार्म के प्रत्येक पेज पर फर्म का नाम, हस्ताक्षर एवं पूर्ण पता, हैसियत एवं मुहर का होना आवश्यक है ।

10. निविदा प्रस्तुत करते समय लिफाफे के ऊपर फर्म का नाम एवं जिस कार्य के लिये निविदा प्रस्तुत किया जा रहा है, का स्पष्ट उल्लेख होना अनिवार्य होगा ।

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील

परिशिष्ट – ब

11. आवश्यकतानुसार ही स्टेशनरी , लेखन सामग्री, वर्क आर्डर जारी किया जावेगा साथ ही अनुमानित मात्रा से 10% अधिक तक प्रदाय आदेश दिये जा सकते हैं। जिसे प्रदाय करने निविदाकर्ता बाध्य रहेगा ।

12. निविदा में दी गयी मात्रा अनुमानित है । इस मात्रा तक प्रदाय आदेश देने हेतु निगम बाध्य नहीं है ।

13. परिशिष्ट "अ" में दी गयी अनुमानित मात्रा में कमी /वृद्धि हो सकती है ।

14. निविदा फार्म के साथ संलग्न परिपत्र "स" में निविदाकर्ता का पूर्ण विवरण भरकर निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है ।

15. निविदा को किसी भी दशा मे पूर्णतया या आंशिक रूप से स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का संपूर्ण अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा ।

16. दर स्वीकृत होने के उपरांत पांच दिवस के अंदर रूपये 10000/– (रूपये दस हजार मात्र) जमानत राशि की डी.डी.प्रस्तुतकर अथवा निविदा के समय जमा की गयी अमानत राशि का समायोजन कर निगम द्वारा निर्धारित प्रारूप में 50.00 रूपये के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में अनुबंध निष्पादित किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा अमानत की राशि निगम के पक्ष में राजसात कर ली जावेगी ।

17. किसी भी विवाद के लिये निगम के प्रबंध संचालक आर्बीट्रेटर होंगे ।

18. किसी भी विवाद के लिये न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा ।

19. वर्ष 2017–18 चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद भी, आवश्यकता अनुसार स्वीकृत दर पर स्टेशनरी, लेखन सामग्री क्रय करने के लिये आगामी 03 माह हेतु समय में वृद्धि की जा सकती है ।

20. निविदा में प्रस्तुत दर समस्त कर सहित होगी । स्वीकृत दर के अतिरिक्त कोई भुगतान नहीं किया जावेगा ।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड
मुख्यालय– रायपुर

निविदाकार के हस्ताक्षर एवं सील